

# भिक्षावृत्ति का पात्र भर सकता है लेकिन इच्छाओं का नहीं : बागेश्वर बाबा

**श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह, बागेश्वर बाबा की कथा सुनने देश भर से उमड़े लोग**



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** निश्चित रूप से आज के समय में इच्छाओं की पूर्ति करना बड़ा मुश्किल है लेकिन जिसने इन इच्छाओं पर नियंत्रण पा लिया वह भगवान के आसक्त हो जाता है, इसीलिए कहते है कि भिक्षावृत्ति का पात्र तो भिक्षा से भर जाएगा लेकिन मन की इच्छाओं का पात्र कभी जीवन भर नहीं भरेगा और यदि जिसने इस पात्र को भर लिया उसने समझ लो जीवन जी लिया, शिवपुरी अब आध्यात्मक, संस्कृति और सनातन के रूप में इतिहास लिख रहा है कथा यजमान श्रीमती ऊषा-रामप्रकाश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी-कपिल गुप्ता कपिल मोटर्स परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के इस प्रांगण में लाखों लोगों की मौजूदगी यह प्रमाणित करती है कि सनातन की ओर हिन्दू आगे आ रहा है और हिन्दू राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दे रहा है, धन का सदुपयोग करना भी इस कथा से सीखा जा सकता है, अमीर वह व्यक्ति नहीं जो बड़ी-बड़ी गाडियों में घूमते है बल्कि अमीर तो वह है जो अपने धन का दान-धर्म में योगदान कर धन को सदुपयोग में लगाते है। धन की सदुपयोगिता और मन की इच्छाओं पर नियंत्रण करने का यह गुरूमंत्र दिया श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जो स्थानीय नर्सरी ग्राउण्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की षष्टम दिवस की कथा को व्यासपीठ से श्रोताओं को श्रवण करा रहे थे। इस अवसर पर कथा यजमान श्रीमती ऊषा-रामप्रकाश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी-कपिल गुप्ता परिवार सहित साधु संतजनों श्रीगुरूप्रसाद जी, ग्वालियर महाराजश्री, मेहगांव के महाराजश्री, करैरा के बगीचाधाम से आए महाराजश्री, महामण्डलेश्वर पुरूषोत्तमदास जी महाराज, श्रीबांकड़े हनुमान मंदिर महंत डॉ.गिरीश जी महाराज व छोटे-छोटे अबोध बालक रहे जिन्होंने कथा में आरती कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर कथा यजमान परिजनों के साथ श्रीमद् भागवत पूजन करते हुए पूज्य गुरूदेव बागेश्वरधाम पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

सभी हनुमान मंदिरों पर दण्डवत प्रणाम कर आर्शीवाद लिया पं. शास्त्री ने शिवपुरी में पहलीी बार कथा करने आए श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा कथा के दौरान जिला मुख्यालय शिवपुरी के अधिकांश सभी हनुमान मंदिरों पर पहुंचकर दण्डवत प्रणाम कर आर्शीवाद और दर्शन लाभ प्राप्त किए। इनमें शहर के झांसी रोड़ स्थित श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर पर महामण्डलेश्वर नीलमणीदास जी महाराज, मंदिर महंत लक्ष्मणदास जी एवं मोहित त्यागी जी महाराज के द्वारा पूज्य महाराजश्री की आगवानी की गई तत्पश्चात श्रीखेड़ापति के दर्शन कर आध्यात्मक के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही महामण्डलेश्वर श्री पुरूषोत्तमदास जी महाराज के साथ एबी रोड़ स्थित श्रीतुलसी आश्रम बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और आश्रम के बारे में चर्चा की यहां महाराजश्री का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को स्वप्न में एक बूढ़े व्यक्ति ने श्रीबांकड़े हनुमान मंदिर का मार्ग बताया तो वह प्राचीन सिद्ध स्थिल श्रीबांकड़े हनुमान मंदिर पहुंचे और यहां मंदिर महंत डॉ.गिरीशजी महाराज के द्वारा आगवानी की गई एवं अभिनंदन किया गया। **कथा यजमान परिवार के महाराजश्री की हुई आगवानी** श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा बीती रात्रि को कथा के मुख्य यजमान श्रीमती ऊषा-रामप्रकाश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी-कपिल गुप्ता परिवार के द्वारा अपने निज-निवास पर पूज्य महाराजश्री की आगवानी की गई और मेरे सरकार आए है भजन के साथ श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के चरण कमल पड़े, जहां कथा यजमान परिवार कपिल गुप्ता के द्वारा महाराजश्री का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाते हुए स्वागत किया गया और अपने पूरे परिवार के साथ महाराजश्री से पारिवारिक एवं धार्मिक चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जमाबड़ा भी यजमान परिवार के निवास पर लगा जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। इसके साथ ही रात्रि के समय ही पूज्य श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा प्राचीन धार्मिक स्थल माँ राज राजेश्वरी दरबार पहुंचे और दर्शन लाभ लिए।

## कथा विश्राम के साथ प्रेत बाधाओं को दूर करते हुए पुन : भव्य दिव्य दरबार आज



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा शिवपुरी जिले सहित कथा में शामिल धर्मप्रेमीजनों को तंत्र-मंत्र, टोना टोटका से मुक्ति दिलाने के लिए आज 30 नवम्बर को कथा स्थल प्रांगण में एक बार फिर से प्रेत बाधाओं को मंत्रोच्चारण व प्रेतराज का आह्वान करते हुए विधि के माध्यम से दूर किया जाएगा और प्रेत बाधाओं, तंत्र-मंत्र व अन्य प्रकार से होने वाले अनष्टि पूजा-पाठ को लेकर श्रीबागेश्वरधाम का स्मरण कराते हुए पूरे परिसर सहित शिवपुरी जिले को प्रेत बाधाओं से मुक्त कराऐंगें। इसे लेकर कथा में शामिल सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया गया है कि वह अपने घर से एक नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर लाए जिसे कथा स्थल पर मंत्रों के द्वारा प्रेत बाधाओं को दूर करने के लिए अभिमंत्रित किया जाएगा ताकि हरेक घर में इन दुस्वप्रों से मुक्ति मिले और सभी सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके। इसके अलावा कथा स्थल परिसर में एक बार फिर से कथा विश्राम दिवस के अवसर पर भव्य दिव्य दरबार लगाया जाएगा, जिसमें लाखों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं में से सैकड़ों लोगों के दु:खों का निवारण होगा। इसके साथ ही दोप.12 बजे से 2 बजे तक श्रीमद्. भागवत कथा एवं दोप. 2 बजे से सन्यासी बाबा की कृपा से भव्य दिव्य दरबार लगाया जाएगा।

# नि : शुल्क सहायक उपकरण शिविर 4 दिसम्बर को पिछोर में

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, भारत सरकार के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले में भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण, जीवन सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदाय किये जाने हेतु एलिम्को जबलपुर द्वारा परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में यह शिविर जिले की समस्त जनपद पंचायतों में 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएगें। समस्त शिविरों में परीक्षण स्थल संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय होगा।

कलेक्टर श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि निर्धारित तिथियों में ग्राम पंचायत अथवा वार्ड स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा समस्त पात्र दिव्यांगजनों अथवा वरिष्ठजनों की परीक्षण शिविर स्थल पर शत-प्रतिशत उपस्थिति कराते हुये परीक्षण शिविरों में लाभांवित कराना सुनिश्चित करें। उक्त शिविरों में 4 दिसम्बर को जनपद पंचायत पिछोर में आयोजित होगा।

इसमें सम्मिलित निकाय में न.प. पिछोर रहेगा। 5 दिसम्?बर को जनपद पंचायत करैरा में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.प.करैरा रहेगा। 6 दिसम्बर को जनपद पंचायत बदरवास में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.पं. बदरवास एवं न.पं. रन्नौद रहेंगे। 8 दिसम्बर को जनपद पंचायत पोहरी में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.पं. पोहरी अथवा न.पं. बैराढ रहेंगे। 9 दिसम्बर को जनपद पंचायत खनियांधाना में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.पं. खनियाधाना रहेगा।

10 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरवर में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.पं.नरवर एवं न.पं. मगरौनी रहेगा। 11 दिसंबर को जनपद पंचायत कोलारस में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में न.पं. कोलारस रहेगा तथा 12 दिसंबर को जनपद पंचायत शिवपुरी में आयोजित होगा। इसमें सम्मिलित निकाय में नगर पालिका परिषद शिवपुरी रहेगा।

# उद्यमिता में रहा हैप्पीडेज स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** उद्यमिता एक प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य छात्रों में इण्टरप्रेन्योर की भावना विकसित कर स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना है जिससे छात्र अपने भविष्य के मालिक स्वयं बनें। हैप्पीडेज के छात्रों ने सिद्ध कर दिया कि न केवल खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों अपितु शैक्षणिक गतिविधियों में भी उनका कोई सानी नहीं है। पिछले 15 वर्षों से हैप्पीडेज विद्यालय इस प्रतियोगिता में लगातार भाग ले रहा है एवं अपने उम्दा प्रदर्शन के दम पर विशेष स्थान बनाये हुए है। सी कम में इस वर्ष भी दिनांक 25 -26 नवंबर 2025 को ग्वालियर ग्लोरी स्कूल में दो दिवसीय उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्वालियर शहर के विभिन्न स्कूलों की 20 टीमों ने व शिवपुरी से हैप्पीडेज विद्यालय के 7 विद्यार्थियों की एक टीम, जिसमें अश्विका अग्रवाल, ईरा राजपूत, अभिराज सिंह सिकरवार, हर्षित उपाध्याय, विशाल दांगी, शौर्य एवं आरव्ध गौतम ने भाग लिया। जिसमें कार्पोविट क्विज, कार्पोरेट टच, द सेल्स विहज़, पिक्चर परसेप्शन, पीपीडीटी, डी फण्डा, ट्रायलब्लेजर्स एंड यूनिकॉर्न कम्पैनिस जैसे रचनात्मक और विश्लेषणात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता की भावना, टीम वर्क, निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है। हैप्पीडेज की टीम ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ऑवरऑल रनरअप का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अंजु शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और इस तरह के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस सफल प्रदर्शन, निरंतर सहयोग, प्रोत्साहन एवं दिशा-निर्देशन के पीछे विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती माधुरी अरोरा, श्रीमती श्रद्धा शांडिल्य एवं डॉ. सुनील समाधिया का विशेष योगदान रहा।

# स्व सहायता समूहों की दीदियों के लिए स्थाई आजीविका के लिए बैठक



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** शिवपुरी जिले में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने हेतु मनरेगा के माध्यम से ''एक बगिया मां के नाम'' परियोजना को नई दिशा दी जा रही है। जिला पंचायत कार्यालय में गतदिवस आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, सभी सहायक यंत्री जनपद पंचायतों, ब्लॉक प्रबंधकों एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों के साथ परियोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजय राज द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन से दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध कार्य स्वीकृति की शत प्रतिशत पूर्ति 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण कर 05 दिसंबर तक सभी कार्य प्रारंभ कर लिए जाए तथा ऐसे अच्छे हितग्राही जिन्होनें परियोजना स्वीकृत कराकर गड्ढे खोद लिए हैं उनका पौधा रोपण एवं फेंसिंग 30 जनवरी तक पूर्ण करा ली जाए।

कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 की स्थिति में जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले व जनपदों को शासन स्तर से पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक के दौरान जिले को शासन से प्राप्त कुल 800 उद्यानिकी परियोजनाएं, जिनमें से प्रत्येक विकासखंड हेतु 100-100 परियोजनाओं का लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत आजीविका मिशन से जुड़ी हुई स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनकी निजी सिंचाई सुविधा युक्त भूमि जिस पर उद्यानिकी प्रजाती के 100 पौधे रोपण एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत 3 वर्ष की परियोजना स्वीकृत की जा रही है। इस परियोजना में हितग्राहियों को उनको अपनी ही भूमि पर मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस के रोजगार के साथ-साथ बगिया से होने वाली स्थिर आय का साधन उपलब्ध होगा। बगिया में पौधों की सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग का प्रावधान है जिसका भुगतान भी मनरेगा से किया जाएगा पौधों का चयन हितग्राही द्वारा स्वयं किया जाकर सामग्री तथा मजदूरी का भुगतान हितग्राही के खाते में ही किया जाएगा।

# पूर्व विधायकों की पेंशन वृद्धि 70 हजार एवं 10 लाख का बीमा मंजूर कराएं : भगवान सिंह



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 नवम्बर।** म.प्र. पूर्व विधायक मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ने म.प्र. विधान सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से पूर्व विधायकों की पेन्शन वृद्धि तथा दस लाख रूपय की विधायक बीमा राशि मु.मंत्री डॉ. मोहन यादव से मन्जूर कराने की मांग अतिरिक्त महाधिवक्ता उच्च न्यायालय के पुत्र के आर्शीवाद समारोह में भेंट करते हुए की।

यादव ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि शासन वर्तमान विधायकों की तन्ख्वाह 60 हजार बढ़ाया जाकर अब उनकी तन्ख्वाह 1 लाख 70 हजार हो जावेगा परन्तु पूर्व विधायकों की 70 हजार की वृद्धि तथा बीमारी आदि का इलाज कराने हेतु 10 लाख का बीमा स्वीकृत कराने की मांग इसी सत्र में कराने की मांग की है, जो हर विधायक के रिटायर होने के बाद उन्हें भी मिल सकेंगी। यादव ने आशा व्यक्त की है कि मु.मंत्री पूर्व विधायकों की उक्त दोनों उचित मांगें पुत्र की शादी के खुशी के अवसर पर 'तोहफा' के रूप में अवश्य दिलवायेगें।

# 15 लीटर जहरीली शराब के साथ किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** जानलेवा होने वाली जहरीली शराब को लेकर आबकारी विभाग पिछोर में उपायुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में वृत्त पिछोर प्रभारी लोकेश बेवारिया द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई और 15 लीटर जहरीली शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया साथ ही प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। अवैध शराब कारोबार को लेकर जिला आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा बीते रोज वृत्त पिछोर में बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें कलेक्टर रविन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में वृत्त पिछोर प्रभारी लोकेश बेवारिया के द्वारा पिछोर के नया चौराहा क्षेत्रांतर्गत आने वाले सेजवाया रोड पर महुअर नदी किनारे दबिश दी गई और मौके से 15 लीटर जहरीली हाथ भट्टी शराब के साथ शेजवती कंजर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 49क का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी लोकेश बेवारिया, आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी डॉ तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक गौरव कोल, राहुल गुप्ता, आरक्षक गिरराज सतीश, डोंगर सिंह, सैनिक अनिल, रवि एवं सुमन का सराहनीय योगदान रहा। इसके साथ ही आबकारी विभाग के द्वारा भविष्य में भी अवैध रूप से बिकने वाली जहरीली शराब को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए कार्यवाही जारी रहेगी।

# गीता ज्ञान महोत्सव एक को, बच्चों को किया प्रोत्साहित



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 29 नवम्बर।** मप्र के सभी जिलों सहित शिवपुरी में एक दिसंबर को गीता ज्ञान महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। शहर के मानस भवन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें 1100 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सुबह 10 बजे से अयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान गीता के 15वे अध्याय सुस्वर पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव व जिला परियोजना समन्व्यक दफेदार सिंह सिकरवार शहर के उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 व उमावि क्रमांक-2 पहुंचे और गीता महोत्सव को लेकर स्कूली बच्चों को प्रेरित करते हुए गीता का पाठ पढ़ाया। इस दौरान उमावि क्रमांक-2 के शिक्षक विपिन पचौरी ने संबोधित करते हुए कहा कि गीता सिर्फ धर्म ही नहीं, कर्म का भी विषय है, जो हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। इस दौरान उमावि क्रमांक-2 की प्राचार्य अर्चना शर्मा सहित शिक्षक अरूण तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, इंदु पारासर, जगदीश धाकड़, विजय गुप्ता, अनिल रावत, शिवकुमार शर्मा, सुनीता तिवारी, चित्रा भार्गव, अवधेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। 1 दिसम्बर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजन समिति भी गठित की गई है, जिसमें योजना अधिकारी रोहिणी अवस्थी सहित जिले के 54 शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित प्राचार्यों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम को लेकर समिति सदस्यों की बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

# भाजपा ने एसआईआर के तहत घर-घर चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 नवम्बर।** भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शनिवार को घर-घर पहुंचकर एवं बूथ स्तर पर पहुंचकर एसआईआर फार्म को लोगों को सौंपे और क्षेत्रवासियों के फार्म भरवाने एवं फार्म संबंधित समस्याओं को निवारण किया।

इस दौरान उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के हेमसिंह परेड स्थित में वार्ड क्रमांक-53, बूथ क्रमांक-211 में, गौमती की फडी स्थित सखी बिहार कॉलोनी में वार्ड क्रमांक 48, बूथ क्रमांक 209 पर, कम्पू स्थित निम्बालकर की गोठ में वार्ड क्रमांक 46 के बूथ क्रमांक 148 में तथा गुढी गुढा स्थित ईश्वर बिहार कॉलोनी, प्रजापति मोहल्ला में वार्ड क्रमांक 55, बूथ क्रमांक 252 पर पहुंचकर एसआईआर अभियान के तहत निरीक्षण किया और लोगों की एसआईआर फार्म के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने ने लोगों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने, संसोधन कराने और सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एसआईआर फॉर्म सौंपकर ये सुनिश्चित किया है कि हर पात्र नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में सही तरीके से दर्ज हो जाए। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने की अपील की और कहा कि प्रत्येक नागरिक का मत देश की दिशा तय करता है।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष श्री अमर कुटे, मण्डल अध्यक्ष श्री प्रिंस मझवार, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, जिला मंत्री नवीन परांडे, बूथ अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह कुशवाह,बूथ अध्यक्ष सचिन कुशवाह, बूथ अध्यक्ष श्री नरेश प्रजापति , श्री गौरव वाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

वहीं पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने अटल विहारी वाजपेयी मंडल के वार्ड क्रमांक 43 के बूथ क्रमांक 112 व 113 पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर नागरिकों के फार्म भरकर जमा करने का आग्रह किया।

वहीं वार्ड क्रमांक 37 के बूथों पर पहुंच कर जिला मंत्री एवं पूर्व पार्षद श्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा एवं जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी ने बीएलओ के साथ मिलकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के फॉर्म भरवाने और फॉर्म संबंधित समस्या का निवारण कराया और घर-घर जाकर फार्म बंटवाए।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, जिला मंत्री श्री नवीन परांडे, मंडल महामंत्री श्री रामहेत इमले श्रीमती ज्योति इमले पार्षद श्री संजय सिंघल श्री मनोज भार्गव श्री सतीश शाक्यवार श्री जावेद चौरसिया मंडल अध्यक्ष श्री अमर कुटे श्री सुनील भदोरिया श्री परमेंद्र शर्मा श्री ओम प्रकाश जाजोरिया श्री हेम शाक्य श्री प्रिंस मझवार, श्री कौशलेंद्र राजावत सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे

# गोविंदबाग में मेडिटेशन गुरु के प्रवचन के साथ मंगल कलश की स्थापना

**जिसे गुरू और प्रभु के चरण मिल जाएं, उसे दुनिया में सब कुछ मिल जाता है , आशीष अग्रवाल ने की अगवानी**




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 29 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल के ग्वालियर गोविंदबाग स्थित निवास पर शनिवार को मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी मुनिराज ससंघ के प्रवचन के साथ मंगल कलश की स्थापना की गई।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने परिवारजनों, समाज एवं आत्मीयजनों के साथ मंगल गीतों, वंदना के साथ मुनिराज का भावपूर्ण एवं आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी मुनिराज ससंघ का पाद प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व मुनिराज ससंघ का ग्वालियर के एमएच चौराहे पर पहुंचते ही श्री आशीष उषा अग्रवाल ने समाजजनों और धर्मप्रेमी बंधुओं के साथ भव्य स्वागत किया। मुनिराज का श्री गोविंदबाग स्थित निवास पहुंचने के दौरान रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। रास्ते भर समाजजन एवं लोगों ने पलक पांवड़े बिछाकर मुनिराज के आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी मुनिराज ससंघ ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जिसे गुरू और प्रभु के चरण मिल जाएं, उसे दुनिया में सब कुछ मिल जाता है। मुनियों के मुखारबिंदु से निकली हर बात अमृत के समान होती है। मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक नहीं, संयम, करूणा और ध्यान ही सच्ची शक्ति होती है।

**संतों-मुनियों का सानिध्य पुण्यकर्म वाले व्यक्तियों को ही मिलता है:** उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी मुनिराज ने कहा कि श्री आशीष उषा अग्रवाल जब मुझसे पहली बार मिले और आशीर्वाद लिया तभी से मुझे लगा कि इतनी आत्मीयता, धर्म के प्रति श्रद्धा और समर्पण तो सिर्फ पुण्यात्मा में ही होता है। क्योंकि संतों-मुनियों का सानिध्य पुण्यकर्म वाले व्यक्तियों को ही मिलता है। श्री आशीष उषा अग्रवाल जितनी बार आशीर्वाद ससंघ में आए, उनके सद्कर्मों और व्यवहार से मेरा स्नेह उन पर बढ़ता चला गया। उन्होंने कुछ समय के लिए कलश स्थापना का समय मांगा था, लेकिन प्रभु का आशीर्वाद देखिए, उनके सद्कर्मों और पुण्यों का फल देखिए कि आज उन्हें कई घंटों तक दिगंबर संत का सानिध्य मिला। उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी मुनिराज ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। चरित्र, संयम, करुणा और ध्यान, ये वो आधार हैं जो व्यक्ति को भीतर से शक्तिशाली बनाते हैं।

मंगल प्रवेश और प्रवचन के दौरान श्री दिनेशचंद जैन ऐसा वाले, पंडित श्री अजीत जैन शास्त्री, श्री भानुप्रकाश जैन नेताजी, श्री मूलचंद जैन ठेकेदार, श्री रमेशचंद जैन चुन्नी, श्री जीएल जैन, श्री विजय जैन मामा, श्री प्रदीप जैन, श्री मुकेश जैन एडवोकेट, श्री अशोक जैन ऐसा वाले, श्री जयकुमार जैन, श्री धर्मचंद जैन, श्री वीरेंद्र जैन चौधरी, श्री संजय मडि, श्री गुलजारीलाल जैन, श्री चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएँ और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश जैन भिंड ने किया।